हमारी आस्था और विज्ञान के अद्‌भुत संगम को दुनिया भर ने निहारा और सराहा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजस्थान शाही महलों, हवेलियों और किलों के लिए जाना जाता है। 'पधारो म्हारे देस' के साथ राजस्थान आपको तीर्थ दर्शन के लिए भी आमंत्रित करता है। राजस्थान अपने इतिहास, कला, संस्कृति एवं वीरों की भूमि होने के साथ-साथ देवी देवताओं की देवभूमि भी कहलाता है।

राजस्थान के प्राचीन मंदिरों की आस्था एवं उनसे जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों से हुए रूबरू

इजिप्ट में फिजिक्स की प्रोफेसर दीप्ति और प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. विक्रम भाटी ने प्रदेश के मंदिरों का एक नया पहलु किया उजागर

Ancient Temples of Rajasthan : the Science

राजस्थान के मंदिर राज्य के इतिहास को अपने अन्दर समेटे हुए है। सभी धर्मों के नये व प्राचीन मंदिर यहाँ के हर गांव-जिलों में मिलते है। राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से 'Ancient Temples of Rajasthan : the Science' के एक ऑनलाइन कार्यक्रम में राजस्थानी प्रवासी श्रीमती दीप्ति जी जो कि इजिप्ट में फिजिक्स की प्रोफेसर हैं, ने हमारे प्राचीन मंदिरों के पीछे जुड़े हुए वैज्ञानिक तथ्यों, इतिहास एवं उनसे जुडी आस्था से रुबरू करवाया। वहीं डॉ. विक्रम भाटी जी जो कि एक प्रसिद्ध इतिहासकार हैं और जोधपुर में सहायक निदेशक हैं, उनके द्वारा राजस्थान के मंदिरों के इतिहास और उनके पहलू जो सालों से हिस्ट्रोलिकली प्रमाणित हैं, ऐसे पहलुओं पर रोशनी डाली गई। इस अद्‌भुत और रोचक जानकारी को दुनियाभर के प्रवासियों ने देखा और इसकी मुक्त कंठ से प्रंशसा की।